**दिनांक–07 मई, 2016 को प्रधान सचिव की अध्यक्षता में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्वीकृत तथा विभाग द्वारा कार्यान्वित मुँगेर एवं जमालपुर शहरी पेयजलापूर्ति योजनाओं के अंतर्गत कार्यों की फर्म के प्रतिनिधि के साथ प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :–

संलग्न परिशिष्ट–'क'

मुँगेर जलापूर्ति योजना :–

- इस योजना की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति 3483.00 लाख रूपया पर प्रदान की गई है। योजना के कार्यान्वयन हेतु दिनांक–09.12.10 को मेसर्स जे0 आई0 टी0 एफ0, वाटर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, नई दिल्ली को कार्य आवंटित किया गया तथा फर्म द्वारा **दि0–08.01.11** को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुँगेर के साथ एकरारनामा (राशि–2857.50 लाख रूपया) किया गया। एकरारनामा के अनुसार योजना को पूर्ण करने हेतु निर्धारित अवधि **18 माह** है, जो दिनांक–07.07.2012 को समाप्त हो गया।

- नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा इस योजना के लिए अब तक 3483.92 लाख रूपया नगर निगम, मुंगेर को आवंटित किया गया है तथा नगर निगम, मुंगेर द्वारा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर को ₹2857.14 लाख रूपया हस्तांतरित किया गया तथा ₹ 629.78 लाख हस्तान्तरित करने हेतु शेष है। कार्यपालक अभियंता द्वारा अद्यतन व्यय 2202.50 लाख रूपया प्रतिवेदित किया गया है।

- कार्यपालक अभियंता एवं फर्म के प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन के आधार पर योजना में प्रावधानित मद एवं फर्म के द्वारा कराये गये कार्यों की विवरणी परिशिष्ट–'ख' के रूप में संलग्न है।

- फर्म द्वारा अब तक कराये गये कार्यों एवं वर्तमान में कराये जा रहे कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया।

  समीक्षा के दौरान निम्न निदेश क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधि को दिया गया :

- फर्म के दिल्ली से आये हुए प्रतिनिधि श्री सतीश मुरगाई द्वारा आश्वस्त किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री के दि0–24.05.16 को मुंगेर प्रमंडल में निर्धारित कार्यक्रम के पूर्व इस योजना के एक जोन, OHT-I (कस्तूरबा वाटर वर्क्स) से जलापूर्ति का ट्रायल रन प्रारंभ करा दिया जाएगा। इनको यह कार्य मिशन के रूप में लेने का निदेश दिया गया।

  (अनुपालन–फर्म/कार्य0 अभि0/अधी0 अभि0, मुंगेर)

- फर्म के प्रतिनिधि द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया कि पूर्व में पाईप बिछाने हेतु काटी गई सड़को का कालीकरण का कार्य दिनांक–20.05.16 तक पूर्ण करा दिया जाएगा। फर्म के प्रतिनिधि को निदेश दिया गया कि प्राथमिकता के आधार पर इस कार्य को पूर्ण करायें।

  (अनुपालन–फर्म/कार्य0 अभि0/अधी0 अभि0, मुंगेर)

- नीलम सिनेमा के पास, निर्माणाधीन जलमीनार का स्थल विवाद समाप्त होने के पश्चात् फर्म द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। फर्म के प्रतिनिधि को माह अक्टूबर, 2016 तक जलमीनार का कार्य शत्–प्रतिशत् पूर्ण करने का निदेश दिया गया। इस निर्धारित की गई समय तक फर्म के प्रतिनिधि द्वारा कार्य पूर्ण कर लेने का आश्वासन दिया गया।

(अनुपालन–फर्म/कार्य0 अभि0, मुंगेर)

- कार्यपालक अभियंता योजना की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह में, अधीक्षण अभियंता प्रत्येक दस दिन पर तथा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता प्रत्येक 15 दिनों के अंतराल पर करने तथा इसकी कार्यवाही/प्रतिवेदन फोटोग्राफ्स के साथ विभाग को समर्पित करेंगे।

(अनुपालन– क्षे0मु0अभि0, भागलपुर/अधी0अभि0, मुंगेर/ कार्यपालक अभियंता, मुंगेर/ फर्म)

- इस योजना से संबंधित सड़क काटने के कार्यों से संबंधित गतिरोध को दूर करने एवं पाईप बिछाने हेतु रेलवे लाईन पार करने से संबंधित गतिरोध को दूर करने हेतु क्षेत्रीय स्तर से शीघ्र कारवाई कर समस्या का समाधान करायें, अन्यथा विभाग द्वारा क्षेत्रीय पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्य में विलम्ब हेतु जिम्मेवार मानते हुए कारवाई प्रारम्भ की जाएगी।

(अनुपालन– क्षे0मु0अभि0, भागलपुर/अधी0अभि0, मुंगेर/ कार्यपालक अभियंता, मुंगेर/ फर्म)

- फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वस्त किया गया कि योजना में प्रावधानित सभी अवयवों का कार्य **दि0–31.10.16 तक** पूर्ण कराकर, योजना से समेकित रूप से जलापूर्ति का ट्रायल रन प्रारंभ कर दी जाएगी।

(अनुपालन– क्षे0मु0अभि0, भागलपुर/अधी0अभि0, मुंगेर/ कार्यपालक अभियंता, मुंगेर/ फर्म)

<u>जमालपुर जलापूर्ति योजना</u> :–

- इस योजना की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति 4125.00 लाख रूपया पर प्रदान की गई है। योजना के कार्यान्वयन हेतु दिनांक–09.12.10 को मेसर्स जे0 आई0 टी0 एफ0, वाटर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, नई दिल्ली को कार्य आवंटित किया गया तथा फर्म द्वारा **दि0–08.01.11** को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुँगेर के साथ एकरारनामा (राशि–2905.5467 लाख रूपया) सम्पादित किया गया। योजना को पूर्ण करने हेतु **18 माह** का समय था, जो दिनांक–07.07.2012 को समाप्त हो गया।
- नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा इस योजना के लिए अब तक 2905.5467 लाख रूपया नगर परिषद, जमालपुर को आवंटित किया गया है। नगर परिषद, जमालपुर द्वारा कार्यपालक अभियंता, मुंगेर को 2905.5467 लाख रूपया हस्तांतरित किया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा अद्यतन व्यय 2212.071 **लाख** रूपया बताया गया।

- कार्यपालक अभियंता एवं फर्म के प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन के आधार पर योजना में प्रावधानित मद एवं फर्म के द्वारा कराये गये कार्यों की विवरणी परिशिष्ट–'ग' के रूप में संलग्न है।
- फर्म द्वारा अब तक कराये गये कार्यों एवं वर्तमान में कराये जा रहे कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया।

समीक्षा के दौरान निम्न निदेश क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधि को दिया गया :

1. कार्यपालक अभियंता योजना की समीक्षा **प्रत्येक सप्ताह**, अधीक्षण अभियंता प्रत्येक **दस दिन** तथा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता **एक पक्ष** के अंतराल पर करेंगे तथा इसकी कार्यवाही /प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स के साथ, विभाग को समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

(अनुपालन– क्षे0मु0अभि0, भागलपुर/अधी0अभि0, मुंगेर/ कार्यपालक अभियंता, मुंगेर/ फर्म)

2. इस योजना। का अवयववार साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन, फोटाग्राफ्स के साथ, कार्यपालक अभियंता तथा संवेदक द्वारा अलग–अलग मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा, जो **प्रत्येक सोमवार को 5.00 बजे अप0 तक** ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

( अनुपालन–फर्म/कार्यपालक अभियंता, मुंगेर)

3. इस योजना से संबंधित सड़क काटने के कार्यों से संबंधित गतिरोध को दूर करने एवं पाईप बिछाने हेतु रेलवे लाईन पार करने से संबंधित गतिरोध को दूर करने हेतु क्षेत्रीय स्तर से शीघ्र कारवाई कर समस्या का समाधान करायें, अन्यथा विभाग द्वारा क्षेत्रीय पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्य में विलम्ब हेतु जिम्मेवार मानते हुए कारवाई प्रारम्भ की जाएगी।

(अनुपालन–कार्य0 अभि0, मुंगेर,/अधी0 अभि0, मुंगेर/ क्षे0मु0अभि0, भागलपुर/फर्म)

4. फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वस्त किया गया कि योजना में प्रावधानित सभी अवयवों का कार्य **दि0–31.12..2016 तक** पूर्ण कराकर, योजना से जलापूर्ति का ट्रायल रन प्रारंभ कर दी जाएगी।

( अनुपालन – क्षे0मु0अभि0, भागलपुर/अधी0अभि0, मुंगेर/ कार्यपालक अभियंता, मुंगेर/ फर्म)

इसके अतिरिक्त उक्त दोनों योजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन के संबंध में निम्न अतिरिक्त निदेश दिये गये :

1. कार्यपालक अभियंता फर्म द्वारा समय वृद्धि हेतु दिये गये आवेदन को अपने मंतव्य के साथ दि0–10.05.16 तक अधीक्षण अभियंता को भेजेगे एवं अधीक्षण अभियंता अपने मंतव्य के साथ दि0–20.05.16 तक उपलब्ध करायेगें।

2. फर्म द्वारा योजना में स्वीकृत किसी अवयव के concreting work करने के एक दिन पूर्व SE/EE/AE/JE एवं अद्योहस्ताक्षरी को SMS के माध्यम से सूचित किया जायेग।

3. फर्म द्वारा समर्पित चालू विपत्र का भुगतान कार्यपालक अभियंता द्वारा जाँचोरपरांत विपत्र प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर निश्चित रूप से करेंगे।

4. Price neutrilisation/adjustment के संबंध में फर्म द्वारा किये गये दावे का निपटारा कार्यपालक अभियंता एस0बी0डी0 में अंकित प्रावधानों एवं अद्यतन विभागीय पत्रों के आलोक में एक पक्ष के अन्दर करेंगे।

5. फर्म द्वारा स्वीकृत कार्यों के अतिरिक्त किये गये अन्य कार्यों के संबंध में समर्पित किये गये क्लेम को कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता के माध्यम से क्षेत्रीय मुख्य अभियंता से अनुमोदनोपरांत एकरारनामा एवं एस0बी0डी0 में अंकित प्रावधानों के आलोक में भुगतान की कारवाई एक माह के अंदर सुनिश्चित करेंगे।

Scmishra 12.5.16
(सतीश चन्द्र मिश्र)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

0ज्ञापांक– 7/रा0-1-102/11:- 186 दिनांक– 13/5/2016

प्रतिलिपि–M /S JITF WATER INFRASTRUCTURE LTD, (FORMERLY JINDAL WATER INFRASTRUCTURE LTD) Jindal ITF Centre, 28, Shivaji Marg, New Delhi- 110015, India. e-mail- ajay.garg@jindalaquasource.com Tel no.-911145021983-1984. Fax.-911145021982 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ई-मेल

Scmishra 12.5.16
(सतीश चन्द्र मिश्र)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक:– 7/रा0-1-102/11:- 186 दिनांक:– 13/5/2016

**प्रतिलिपि:–**

ई–मेल द्वारा

1. प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
2. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, मुंगेर/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. विशेष पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता (मो0/मू0)/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0टी0 मैनेजर को निदेश है कि कार्यवाही की प्रति को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करें।

Scmishra 12.5.16
(सतीश चन्द्र मिश्र)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

परिशिष्ट - 'क'

दि० 07.05.2016 को मुंगेर एवं जमालपुर शहरी जलापूर्ति योजना अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु फर्म के प्रतिनिधि के साथ हुई बैठक की उपस्थिति :-

1. सतीश चन्द्र मिश्र - मुख्य अभि०(यां०) — 7/5/16
2. सरयू राम - कार्य० अभि०, — 7/5/16
3. अजय कुमार सिन्हा - विशेष पदाधिकारी — 7.5.16
4. अमन कुमार सिंह - स० अभि० (यां०) — 7.5.16

JITF

1. Satish Murgai — 7/05/2016
2. Sujit kumar Singh — 7/05/2016
3. Ajay Choudhary —

परिशिष्ट - 'स'

# Munger Urban Water Supply Scheme

**Sanction Amount Rs.3483.92 lacs vide UD&HD Memo No.- 105, dt.- 07.01.10.**

**Tender Amount:-Rs.3175.61 lacs** **Work order Amount:-Rs. 2857.50 lacs**

**Date of Work Order:- 09.12.10** **Date of Agreement:- 08.01.2011**

**Amount alloted by UD&HD to Nager Nigam, Munger-Rs. 3037.07844 lacs**

**Amount transfered by Nager Nigam, Munger to E.E., P.H.Division Munger-Rs.……….. lacs**

**Updated Expediture by Munger to E.E., P.H.Division Munger-Rs. 2202.500 lacs**

**Time of Completion:-18 months**

| Sl. No. | Main Items:- | Approved Quantity | Actual work done by the firm |
|---|---|---|---|
| 1 | Water Treatment Plant | 1 job. | Works completed Pre Settling Tank-95%, Parshall flume and Arreater-95%, Flash mixture-95%, Clariflocculator-90%, Rapid gravity sand filter (4 Nos.) 75%. |
| 2 | Floating Jetty | 1 job. | Launched ( Mechanical works completed, only Electrical works remaining) |
| 3 | Rising Main | | |
| | C.I. Pipe 350 mm dia | 2200 mtr. | Total quantity supplied, laid 1788 mtr. |
| | C.I. Pipe 450 mm dia | 1300 mtr. | Total quantity supplied, laid 765 mtr. |
| | C.I. Pipe 500 mm dia | 125 mtr. | Total quantity supplied, laid 00 mtr. |
| | **Total** | **4250 mtr.** | **Total supplied quantity 4250 mtr. & laid only 2553 mtr.** |
| 4 | Distribution Main | | |
| | C.I. Pipe 100 mm dia | 5675 mtr. | Total quantity supplied, laid 4786 mtr. |
| | C.I. Pipe 150 mm dia | 2110 mtr. | Total quantity supplied, laid 1737 mtr. |
| | C.I. Pipe 200 mm dia | 4718 mtr. | Total quantity supplied, laid 4577 mtr. |
| | C.I. Pipe 250 mm dia | 8546 mtr. | Total quantity supplied, laid 6237 mtr. |
| | C.I. Pipe 300 mm dia | 1605 mtr. | Total quantity supplied, laid 1400 mtr. |
| | C.I. Pipe 350 mm dia | 5584mtr. | Total quantity supplied, laid 4765 mtr. |
| | **Total** | **28358 mtr.** | **Total supplied quantity 28358 mtr. & laid only 23502 mtr.** |
| 5 | Conveying Main (M.S.Pipe) (450 mm dia) | 5200 mtr. | **Total quantity supplied & laid . (item completed)** |
| 6 | Pump House (15m x 8m) | 1 No. | **75 % completed.** |
| 7 | Under Ground Sump 10 lacs Gallons capacity (29.0m x 16.0 m x2.0m) | 1 No. | **90 % completed.** |
| 8 | Stand Post | 100 nos. | Not started. |
| 9 | Grill Gate | 3 nos. | Not started. |
| 10 | Boundary Wall | 240 mtr. | Work is in progress (70 mtr. completed) |
| 11 | Electro Chlorinator system for 3.0 MGD | 1 job. | Supplied. |
| 12 | Over Head Reservoir (capacity 1 lac gallon each) | 3 nos. | I- Near Neelam Cinema- 15 %, II- Near WTP- 85%, III- Near Churamnba-85% |
| 13 | Approach Road | 96 mtr. | Not started. |
| 14 | Staff Quarter, Divisional Office | 1 job. | **Completed.** |
| 15 | Pump & Motor ( At WTP 100 HP C.P.-4 Nos. & at Jetty 100 HP C.P.-4 Nos.) | 8 nos. | All Pumps & Motors supplied. |
| 16 | Transformer (250 KVA) | 4 nos. | All Transformers will be supplied in june-16 |
| 17 | Under Ground Cable Laying (9.00 km) | 1 job. | **Completed.** |

परिशिष्ट-'ग'

## Jamalpur Water Supply Scheme

**Sanction Amount Rs. 4125.00 lacs vide UD&HD Memo No.- 169 dt.- 11.01.10.**

**Tender Amount:- Rs.3272.16 lacs** **Work order Amount:-Rs. 2905.54679 lacs**

**Amount alloted by UD&HD to Nager Parishad, Jamalpur-Rs.2905.54679 lacs**

**Amount transfered by Nager Parishad, Jamalpur to E.E., P.H.Division Munger-Rs.---------- lacs**

**Updated Expediture by E.E., P.H.Division Munger-Rs. 2212.1071 lacs**

**Date of Work order:- 09.12.2010** **Date of Agreement:- 08.01.2011**

**Time of Completion:-18 months**

| Sl. No. | Main Items:- | Approved Quantity | Actual work done by the firm |
|---|---|---|---|
| 1 | Water Treatment Plant | 1 job. | Works completed Pre Settling Tank-90%, Parshall flume and Arreater-85%, Flash mixture-95%, Clariflocculator-95%, Rapid gravity sand filter (4 Nos.) 80%. |
| 2 | Floating Jetty | 1 job. | Launched (Only Electrical and Mechanical works remaining) |
| 3 | **Rising Main** | | |
| | D.I.(K-9) Pipe 250 mm dia | 100 mtr. | 100 mtr. Supplied |
| | D.I.(K-9) Pipe 300 mm dia | 500 mtr. | 500 mtr. Supplied |
| | D.I.(K-9) Pipe 400 mm dia | 2600 mtr. | 2600 mtr. Supplied |
| | D.I.(K-9) Pipe450 mm dia | 1625 mtr. | 1625 mtr. Supplied |
| | D.I.(K-9) Pipe 500 mm dia | 150 mtr. | 147 mtr. Supplied |
| | **Total** | **4975 mtr.** | **Supplied 4972 mtr.& laid only 844 mtr.** |
| 4 | **Distribution Main** | | |
| | D.I.(K-7) Pipe 100 mm dia | 20125 mtr. | Supplied quantity- 20124 mtr., laid 15107mtr. |
| | D.I.(K-7) Pipe 150 mm dia | 8453 mtr. | Supplied quantity-6616 mtr., laid 5547mtr. |
| | D.I.(K-7) Pipe 200 mm dia | 5188 mtr. | Supplied quantity- 5188 mtr., laid 2644mtr. |
| | D.I.(K-7) Pipe 250 mm dia | 2736 mtr. | Supplied quantity- 2436 mtr., laid 995mtr. |
| | D.I.(K-7) Pipe 300 mm dia | 4423mtr. | Supplied quantity- 4423 mtr., laid 585mtr. |
| | **Total** | **40925 mtr.** | Total supplied quantity- 39087 mtr., Total laid 25878mtr. |
| 5 | Conveying Main (600 mm dia. M.S.Pipe) | 13300 mtr. | 10603 mtr. supplied laid only 4380 mtr. |
| 6 | Under Ground Sump 10 lakh gallon capacity | 1 job. | Completed. |
| 7 | Pump House (15m x 8m) | 1 job. | 80 % Completed. |
| 8 | Stand Post | 100 nos. | Not started |
| 9 | Electro Chlorinator (3.4 MGD) | 1 job. | Supplied |
| 10 | Grill Gate | 4 nos. | Not Started |
| 11 | Over Head Reservoir (Capacity 1 lac gallon each) | 4 nos. | All four places work completed 85% (I- at WTP, II- at Bagarangbaliasthan, III-Club area, IV- at Keshopur) |
| 12 | Boundary Wall | 830 mtr. | Work is in progress (150 mtr. completed) |
| 13 | Approach Road | 400 mtr. | Not Started |
| 14 | Staff Quarter, Guest House & E.E.Quarter | 1 job. | 85 % Completed. |
| 15 | Pump & Motor ( At WTP 100 HP C.P.-6 Nos. & at Jetty 75 HP C.P.-6 Nos.) | 12 nos. | All Pumps & Motors supplied. |
| 16 | Transformer (250 KVA) | 4 nos. | All Transformers will be supplied in june-16 |
| 17 | Generating Sets (320 KVA) | 4 nos. | All Transformers will be supplied in june-17 |